## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख दायर 24/02/202

प्रकरण संख्या :– 27/2022

उदा पुत्र लक्ष्मीचन्द जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज.) ........................प्रार्थी

**बनाम**

1. नगजीराम पिता नाथू जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. गोकल पिता नाथू जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. बालु पिता देराम जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)
4. मदनलाल पिता मोतीलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी कल्याणपुरा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.) ................विपक्षीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट**

**–: आदेश :–**

दिनांक 24/02/2022

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री घनश्याम लाल धाकड़ एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा ग्राम कल्याण्पुरा पटवार हल्का गोपालपुरा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या नयी 9 पर अंकित आराजी संख्या 278/4 रकबा 0.0567 हैक्टेयर किस्म गेमु0 वाणिज्यक, आराजी संख्या 280/2 रकबा 0.0405 हैक्टेयर किस्म गेमु0 वाणिज्यक कुल किता 2 रकबा 0.0972 हैक्टेयर भूमि** है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2070–2073 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक उमाजी का खेड़ा को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा ग्राम कल्याण्पुरा पटवार हल्का गोपालपुरा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या नयी 9 पर अंकित आराजी संख्या 278/4 रकबा 0.0567 हैक्टेयर किस्म गेमु0 वाणिज्यक, आराजी संख्या 280/2 रकबा 0.0405 हैक्टेयर किस्म गेमु0 वाणिज्यक कुल किता 2 रकबा 0.0972 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ